**Inner Search Foundation**

# ANNOUNCEMT OF INDU PRABHA AWARD
# इन्दु प्रभा पुरस्कार घोषणा

इनर सर्च फाउंडेशन ने हिंदी भाषा के लेखकों, कवियों एवं रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए इन्दु प्रभा पुरस्कार स्थापित किया है। यह पुरस्कार हिंदी भाषा की एक ऐसी कृति को प्रति वर्ष दिया जायेगा जो मानवीय मूल्यों के व्यापक आदर्शों को कहीं ना कहीं रेखांकित और अभिव्यंजित करती हो। कृति कविता, व्यंग, नाटक, उपन्यास, संस्मरण, कथा-साहित्य, विवेचन, आलोचना आदि किसी भी विधा से हो सकती है। इस पुरस्कार के लिए लेखक, कवि, रचनाकार स्वयं अपना नाम प्रस्तावित कर सकते हैं। कोई भी कृति का प्रस्ताव रचनाकार के मरणोपरांत स्वीकार नहीं किया जायेगा। पुरस्कार हेतु केवल अप्रकाशित कृति का प्रस्ताव ही स्वीकार किया जायेगा।

## पुरस्कार के आवेदन की प्रक्रिया:

इनर सर्च फाउंडेशन हिंदी भाषा के लेखकों, कवियों एवं रचनाकारों को इन्दु प्रभा पुरस्कार के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है। इन्दु प्रभा पुरस्कार २०२१ के आवेदन की प्रक्रिया १५ अगस्त से ३१ दिसंबर तक खुली है। पुरस्कार के आवेदन के लिए प्रस्तावित कृति वर्ड फॉर्मेट (Word Format) में प्रस्ताव-पत्रक (Form) के साथ ई-मेल (email) द्वारा इनर सर्च फाउंडेशन को भेजें।

## आवेदन के लिए प्रस्तावित कृति का अपेक्षित प्रारूप (Required Format):

- वर्ड फॉर्मेट — MS Word Document
- पेज साइज: ए ४ — Page Size: A4
- फॉण्ट: "निर्मला यु आय" — Font: Nirmala UI
- फॉण्ट साइज: १२ — Font Size: 12

- चित्र प्रारूप (Image Format), हाथ से लिखा (Hand written) या अन्य प्रारूप में कृति स्वीकार नहीं की जाएगी। केवल वर्ड फॉर्मेट (Word Format) में ही कृति स्वीकार की जाएगी।
- अपूर्ण कृति स्वीकार नहीं की जाएगी।

## सुझाव:

- आप अपने टाइपिस्ट से टाइप करवायें और ध्यान रखे कि आप हमें वर्ड फॉर्मेट (Word Format) में ही भेजें।
- यदि आपके पास टाइपिस्ट की सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो IIRE ADMIN कृति टाइप करने में आपकी सहायता कर सकता है।
- टाइपिंग करने के लिए पूर्ण कृति को स्कैन (Scan) करा कर भेजें।
- IIRE ADMIN टाइप करके आपकी कृति आपको भेजेगा एवं टाइपिंग की गलतियों को ठीक करने में आपको पूर्ण सहयोग देगा।
- यदि आप इसे IIRE से टाइप कराते हैं तो टाइपिंग शुल्क लागू होगा, जो प्रति पेज के अनुसार होगा और उद्धरण (Quotation) ई-मेल के माध्यम से भेजा जाएगा, 30% अग्रिम (Advance) प्राप्त करने के बाद ही टाइपिंग की जाएगी।
- समस्त गलतियां दूर करने के बाद पूर्ण कृति वर्ड फॉर्मेट (Word Format) में प्रस्ताव-पत्रक (Form) के साथ पुरस्कार के प्रस्ताव हेतु ई-मेल द्वारा भेजें।

## कृति भेजने के लिए लिखें:

**विषय:** इन्दु प्रभा पुरस्कार हेतु

**संलग्न:** कृति वर्ड फॉर्मेट में

**ई-मेल:** iireresearch@isfgroup.in

**Subject:** For Indu Prabha Award

**Attachment:** Word Format of Manuscript

**E-mail:** iireresearch@isfgroup.in

## पुरस्कार सम्मान:

- शॉर्टलिस्ट किए गए पांच कृतियों को ई-प्रमाणपत्र और प्रशंसा पत्र मिलेगा।
- विजेता कृति को ई-प्रमाणपत्र, प्रशंसा-पत्र एवं विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।
- विजेता कृति ई-बुक के रूप में ऐमज़ॉन किंडल (Amazon Kindle) पर और हार्ड के रूप कॉपी IIRE बुक स्टोर https://iire.in/Books.aspx पर उपलब्ध करवाई जाएगी।
- विजेता को उनके द्वारा लिखित कृति की बिक्री पर 15% रॉयल्टी मिलेगी।

## नियम और शर्तें:

- इनर सर्च फाउंडेशन विजेता कृति एवं प्रतियोगिता में आयी किसी भी कृतियों/ कृति को प्रकाशित, मुद्रित एवं वितरित करने का संपूर्ण अधिकार सुरक्षित रखता है।
- प्रकाशित कृति के मूल कॉपीराइट पूरी तरह से लेखक के स्वामित्व में रहेंगे। लेखक अपनी कृति को अन्य प्रकाशक से मुद्रित व प्रकाशित करने/ करवाने का अधिकार रखता है, इसके लिए उन्हें इनर सर्च फाउंडेशन को प्रथम प्रकाशन का उचित श्रेय आदि देना होगा।
- इनर सर्च फाउंडेशन लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए किसी भी विचार या दृष्टिकोण का समर्थन नहीं करता है और किसी भी वास्तविक व्यक्तियों या घटनाओं से किसी भी प्रकार की समानता होने के मामले में उत्तरदायी नहीं है/होगा।
- इनर सर्च फाउंडेशन किसी भी साहित्यिक दोहराव/ कापी/ चोरी या किसी भी स्रोत के उपयोग/ दुरुपयोग के लिए उत्तरदायी नहीं है/ रहेगा क्योंकि मूल कॉपीराइट पूरी तरह से लेखक के स्वामित्व में है/ होगा।
- 18 वर्ष से कम आयु के प्रतिभागी के लिए माता-पिता अथवा और अभिभावकों की लिखित सहमति आवश्यक होगी।
- आई एस ऍफ़ ग्रुप, इनर सर्च फाउंडेशन के कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकते।
- प्रतियोगिता की मूल भावना को दृष्टिगत रखते हुए नियमों और शर्तों को बिना किसी पूर्व सूचना के बदला जा सकता है।

## Terms and Conditions:

- Inner Search Foundation reserves complete right to publish, print and distribute the work of the winner and selected participants of this competition. The original copyrights of the published work will remain completely owned by the author. Authors are free to publish their work from another publisher, for which they must give due credit to Inner Search Foundation for the first publication.
- Inner Search Foundation does not endorse any idea, view or thought expressed by the authors and is also not liable in case of any resemblance to actual persons, living or dead, or actual events. Inner Search Foundation is not liable for any plagiarism or misuse of any source as the original copyrights are completely owned by the author.
- Participants of age below 18 years will need to have written consent from their parents or guardians.

- ISF Group, Inner search Foundation employees and immediate family members cannot participant in this competition.
- The terms and conditions of the competition are subject to change without prior notice.

## चयन समीतिः

**इन्दु प्रभा सेठः**

लेखिका श्रीमती इंदु प्रभा सेठ अपने विद्यार्थी काल से हिंदी साहित्य की सेवा में सतत् सक्रिय हैं। आपने सामाजिक विषयों पर सशस्त पकड़ दर्शाने वाले अनेक उपन्यास लिखें हैं। आपकी प्रकाशित पुस्तकें एवं उपन्यास- बड़ी पुरानी नई कहानी, बूँद जो बन न सकी मोती, एक और गांधारी, कर्मवीरा, एक फौजी ऐसा भी, चक्रव्यूह, घात प्रतिघात, विनम्र जिज्ञासा और क्यों और कब तक हैं। आपने इनर सर्च फाउंडेशन के मंच से लेखकों और कवियों को एवं लेखन-पठान के वातावरण को प्रोत्साहित करने के लिए इंदु प्रभा पुरस्कार की स्थापना कि हैं।

**राजश्री कुमार**:

आपने इतिहास में स्नातक एवं सेल्स एंड मार्केटिंग में एमबीए किया है। आप बीजेपी व्यवसाय प्रकोष्ठ में सह-संयोजक और पूर्वांचल मोर्चा ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ’ की संयोजिका एवं ‘प्रदेश महिला मोर्चा’ की कार्यकारिणी सदस्य हैं। साथ ही तिब्बत सहयोग मंच स्वदेशी आदि अनेक संगठनों से भी जुड़ी हुई हैं एवं राष्ट्रीय कवि गजेंद्र सोलंकी जी के साथ संस्कार भारती से भी जुड़ी हुई हैं। हिंदी में भावनात्मक और वीर रस की कविताएं लिखने में विशेष रुचि रखती हैं।

**संजय शर्माः**

मध्य प्रदेश के सतना में शालेय और महाविद्यालय से बी. ए. एलएलबी. और भारतीय जनसंचार संस्थान दिल्ली से हिंदी पत्रकारिता का डिप्लोमा प्राप्त श्री शर्मा पत्रकारिता जगत से गत ३८ वर्ष से जुड़े हैं। जनसत्ता दिल्ली के सह-संपादक के रूप में कार्यरत हैं। आप अखबार (सतना), टाइगर (सतना), देशबंधु (सतना), जनसत्ता (कोलकाता), वेब दुनिया (इंदौर), दैनिक भास्कर (भोपाल-जयपुर), अमर उजाला (कानपुर, वाराणसी और दिल्ली), वर्तमान में दिल्ली में भी सक्रिय हैं।

**निधि कपूरः**

दर्शनशास्त्र में एम.ए. (M.A. in Philosophy) कीया है, श्रीमती निधि रंगमंच और अभिनय की गतिविधियों में सक्रिय हैं। विलक्षण रचनात्मक प्रतिभा की धनी महिला निधि अपने नृत्य, संगीत, अभिनय, चित्रकला आदि की कलाओं के माध्यम से स्वयं को दृढ़ता से संलग्न करने की क्षमता रखती हैं। आपके लिए "रचनात्मकता जीवन जीने की एक शैली हैं।"

**अनुपमा गोस्वामीः**

इनर सर्च फाउंडेशन की डीन श्रीमती गोस्वामी, मनोविज्ञान में स्नातक हैं और पिछले बीस वर्षों से योग व ध्यान की कक्षायें ले रही हैं। आप इनर सर्च फाउंडेशन के NGO Equality Dignity Safety (EDS) की सदस्य हैं। आप ट्रस्ट की विभिन्न गतिविधियों का संचालन करती है एवं साहित्य और अध्यात्म-पठन में विशेष रुचि रखती हैं ।

**Inner Search Foundation**

# Indu Prabha Puraskar 2021 (Proposal Form)
# इंदु प्रभा पुरस्कार 2021 (प्रस्ताव प्रपत्र)

Self-attested recent passport size photograph

Name of Author/Poet (लेखक / कवि का नाम): ..........................................................................................................

Address (पता): ..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

Mobile No. (मोबाइल नं.): .......................................... E-mail (ई-मेल): ..........................................................................

Title of Proposed Book (प्रस्तावित पुस्तक का शीर्षक): ..........................................................................................

..........................................................................................................

Category (वर्ग): ☐ Poem (कविता) ☐ Satire (व्यंग) ☐ Drama (नाटक) ☐ Story (कथा)
☐ Novel (उपन्यास) ☐ Memoirs (संस्मरण) ☐ Others(अन्य) ....................................................

Brief profile of the Author (लेखक की संक्षिप्त प्रोफ़ाइल): ..........................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

A short note on the proposed book (प्रस्तावित पुस्तक पर एक संक्षिप्त टिप्पणी): ..............................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

☐ ***I have carefully read and agreed to all the terms and conditions of 'Indu Prabha' award.***
***मैंने 'इंदु प्रभा' पुरस्कार के सभी नियमों और शर्तों को ध्यान से पढ़ा और सहमति दी है।***

Name (नाम): ........................................................................ Place (जगह): .............................................

Signature (हस्ताक्षर): ........................................................ Date (तारीख): .............................................